कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लि0

14/71, सिविल लाइन्स, केसा हाउस, केस्को, कानपुर।

पत्रांक –: /आई0टी0 सेल/2020–21 दिनांक–: 2021

कार्यालय ज्ञाप

बिलिंग गुणवत्ता में सुधार के सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ के कार्यालय पत्र सं0 706/स्टा0आफि0/(स0अ0)/पाकालि/2018 दिनांक 25.09.2018 के द्वारा बिलिंग कार्यों को सुचारू रूप से निष्पादित कराये जाने के दृष्टिगत सिगल फेज एवं 3 फेज(होल करेन्ट) मीटर के रीडिंग डाटा को डाउनलोड किये जाने हेतु मीटर के ऑप्टिकल पोर्ट पर लगी सील को स्थायी रूप से हटाने हेतु सम्बन्धित बिलिंग ऐजेन्सी को अधिकृत किये जाने हेतु सूचित किया गया है एवं प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0 के पत्रांक 03/स्टा0आफि0/(स0अ0)/पाकालि/21(113) दिनांक 04.01.2021 के माध्यम से डाउनलोडेड बिलिग हेतु आप्टिकल पोर्ट पर लगी सील को हटाये जाने हेतु निर्देशित करते हुये निम्न दिशानिर्देश पुनः इंगित किये गये हैं:–

"सिंगल फेस एवं 3 फेस (होल करेन्ट) मीटर के रीडिंग डाटा का डाउनलोड किये जाने हेतु मीटर के ऑप्टिकल पोर्ट पर लगी सील को स्थायी रूप से हटाने हेतु बिलिंग ऐजेन्सी को अधिकृत किया जाये।"

उपरोक्त के परिपेक्ष्य में प्रबन्ध निदेशक, केस्को के अनुमोदन दिनांक 28.01.2021 के अनुक्रम में बिलिंग कार्यों को सूचारू रूप से निष्पादित कराये जाने के दृष्टिगत सिगल फेज एवं 3 फेज(होल करेन्ट) मीटर के रीडिंग डाटा को डाउनलोड किये जाने हेतु मीटर के ऑप्टिकल पोर्ट पर लगी सील को स्थायी रूप से हटाने हेतु केस्को के अन्तर्गत परीक्षण खण्डों के पर्यवेक्षण में बिलिंग ऐजेन्सी मे0 के0एन0डी0 इन्जीनियर्स एण्ड कन्सलटेन्ट(इण्डिया) प्रा0लि0, न्यू कालोनी, दीवान बाजार, गोरखपुर को अधिकृत किया जाता है।

उपरोक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

(अमित कुमार धर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
आई0टी0सेल

पत्रांक –: 482/आई0टी0सेल/2020–21 दिनांक–: 29/01/2021

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, केस्को, कानपुर।
2. निदेशक(तकनीकी), केस्को, कानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता, केस्को, कानपुर।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, न0वि0वि0मं0, केस्को, कानपुर।
5. वैयक्तिक सहायक(वा0/तक0), केस्को, कानपुर।
6. समस्त अधिशासी अभियन्ता, न0वि0वि0खं0, केस्को, कानपुर।
7. समस्त अधिशासी अभियन्ता, परीक्षण खण्ड(प्रथम/द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ), केस्को, कानपुर।
8. मे0 के0एन0डी0 इन्जीनियर्स एण्ड कन्सलटेन्ट(इण्डिया) प्रा0लि0, न्यू कालोनी, दीवान बाजार, गोरखपुर।

(अमित कुमार धर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
आई0टी0सेल